Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date – 11th October, 2024

<u>*Notification for Assistant Professor Examination 2024*</u>

अभिलेख जमा करने से छूटे तो पहले तीन हजार और फिर 25 हजार लेट फीस के साथ कर सकेंगे आवेदन

सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा : इंटरव्यू की कवायद शुरू, अंग्रेजी विषय के इंटरव्यू के लिए 29 तक कर सकेंगे आवेदन

भास्कर संवददाता | इंदौर

मप्र लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) की 9 जून को हुई 8 विषयों की सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के रिजल्ट जारी हो चुके हैं। पीएससी ने इंटरव्यू को लेकर कवायद शुरू कर दी है। अब सभी विषयों के आवेदन (अभिलेख जमा करने) की प्रक्रिया की भी समय-सीमा तय कर दी गई है।

8 अक्टूबर को जारी हुए अंग्रेजी विषय के रिजल्ट के अभ्यर्थी 29 अक्टूबर तक तक बगैर लेट फीस के आवेदन कर सकेंगे, जबकि 19 सितंबर को जारी हुए संस्कृत व होम साइंस सब्जेक्ट के अभिलेख जमा करने की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर को खत्म हो गई। अब इन दो विषयों के अभ्यर्थी 11 से 18 अक्टूबर तक 3 हजार रुपए तथा 21 से 25 अक्टूबर तक 25 हजार रुपए लेट फीस के साथ आवेदन कर सकेंगे। इंटरव्यू दिसंबर-जनवरी में प्रस्तावित हैं।

किस विषय के लिए कब तक आवेदन

विषय	रिजल्ट जारी हुआ	अंतिम तारीख
इतिहास	25 सितंबर	16 अक्टूबर
हिंदी	25 सिंतबर	16 अक्टूबर
गणित	27 सितंबर	18 अक्टूबर
कॉमर्स	27 सितंबर	18 अक्टूबर
वनस्पति शास्त्र	4 अक्टूबर	25 अक्टूबर
अंग्रेजी	8 अक्टूबर	29 अक्टूबर

(संस्कृत व होम साइंस के लिए समय-सीमा बीत चुकी। अब लेट फीस लगेगी। बाकी विषयों के लिए भी जो अभ्यर्थी समय पर आवेदन नहीं करेंगे, उन्हें पहले 3 हजार फिर 25 हजार लेट फीस देना होगी)

परीक्षा-रिजल्ट की जगह अब इंटरव्यू की तारीखों का इंतजार

30 दिसंबर 2022 को अधिसूचना जारी होने के बाद पहले 8 विषयों की परीक्षा होते-होते कुल डेढ़ साल लग गए। फिर रिजल्ट आते-आते चार माह और बीत गए। अब इंटरव्यू की तारीखों का इंतजार है। उम्मीद जताई जा रही है कि इंटरव्यू की तारीख 15 दिन के भीतर ही जारी कर दी जाएगी। हालांकि इतिहास विषय को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट मे चल रही याचिका पर सुनवाई पर निर्णय आना बाकी है। पता चला है कि पहले चरण के इन विषयों के इंटरव्यू होते ही कुछ दिनों में चयन सूची जारी कर ज्वॉइनिंग दे दी जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग अलग-अलग कॉलेजों में उन्हें ज्वॉइनिंग देगा।

पहले चरण में इतने पद मिलेंगे

हिस्ट्री- 77
बॉटनी - 126
कॉमर्स- 124
अंग्रेजी - 200
हिंदी - 116
होम साइंस - 42
गणित - 124
संस्कृत - 17

एमपी पीएससी : जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी के पदों के इंटरव्यू 6 नवंबर को

इंदौर | एमपी पीएससी ने खेल व युवक कल्याण विभाग के जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी के 6 पदों के लिए इंटरव्यू की तारीख तय हो गई है। यह इंटरव्यू सिर्फ एक ही दिन चलेंगे। इंटरव्यू 6 नवंबर को होंगे। पीएससी ने वेबसाइट पर शेड्यूल अपलोड कर दिया है। 29 से इंटरव्यू एडमिट कार्ड भी ऑनलाइन मिलना शुरू हो जाएंगे। इस बार जनरल के 3, एससी कैटेगिरी में 1,एसटी में 1 व ओबीसी में भी 1 पद है।

ANIL MISHRA
(<u>Training & Placement Officer</u>)